भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या–691
उत्तर देने की तारीख–26/07/2023

देश में उच्चत्तर शिक्षा संबंधी नीति

691 # श्री नीरज डांगीः
क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) सरकार द्वारा देश में शिक्षा संबंधी ठोस नीतियों के माध्यम से युवाओं को उनके भविष्य निर्माण में सहायता करने हेतु क्या प्रयास किए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा देश को, विशेषकर राजस्थान राज्य को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं;
(ग) संपूर्ण देश में योग्यता पलायन के मद्देनजर देश को ज्ञान का केन्द्र बनाने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं या किए जा रहे हैं; और
(घ) विगत दो वर्षों के दौरान उच्चत्तर शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी देश–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के लिए मौजूदा प्रणाली का विधिवत विश्लेषण करके और चुनौतियों से निपटकर आगे बढ़ने का सुझाव देने के लिए लायी गयी है। इस नीति में प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया है। यह इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता और संख्या ज्ञान की 'बुनियादी क्षमताओं' और विवेचनात्मक सोच एवं समस्या समाधान जैसी 'उन्नत' संज्ञानात्मक क्षमताओं, दोनों का विकास होना चाहिए बल्कि सामाजिक, नैतिक और भावनात्मक क्षमताएं और स्वभाव भी विकसित होने चाहिए।

तदनुसार, उच्चतर शिक्षा में विभिन्न पहल/सुधार शुरू किए गए हैं। अन्य बातों के साथ–साथ, इसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना और संचालन) विनियम; एचईआई में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों में एकाधिक प्रवेश और निकास संबंधी दिशानिर्देश; उच्च शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक संस्थानों में बदलने संबंधी दिशानिर्देश; दो शैक्षणिक कार्यक्रमों को एक साथ आगे बढ़ाने संबंधी दिशानिर्देश; राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) का गठन शामिल हैं।

राजस्थान राज्य में केंद्र सरकार के अधीन राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत, सार्वजनिक वित्त पोषित राज्य विश्वविद्यालयों के सुधार के लिए, शुरुआत से ही राजस्थान राज्य को विभिन्न घटकों के तहत केंद्रीय हिस्से के रूप में ₹313.17 करोड़ की राशि भी जारी की गई है।

(ग): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, में उच्च शिक्षा प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर बल दिया गया है और भारत को वहनीय कीमत पर प्रीमियम शिक्षा प्रदान करने वाले 'वैश्विक अध्ययन गंतव्य' के रूप में बढ़ावा दिया गया है। इसमें परिकल्पना की गई है कि "विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों की भारत में संचालन के लिए सहायता की जाएगी।" तदनुसार, माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्ताव 2022-23 में की गई घोषणा के अनुसार, वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी के लिए अत्यंत कुशल मानव संसाधनों की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के लिए विश्व स्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों को जीआईएफटी सिटी, गुजरात (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) को छोडकर घरेलू वित्तीय विनियमों से मुक्त वित्तीय प्रबंधन, फिनटेक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु अनुमति दी गई है। जीआईएफटी आईएफएससी में ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थानों की स्थापना करने से देश में प्रतिभा पूल को बनाए रखने में मदद मिलेगी और वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी के लिए उच्च कौशल युक्त मानव संसाधनों की उपलब्धता में सुविधा होगी।

इसके अत्तिरिक्त, विदेशी उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा के लिए यूजीसी (ट्विनिंग, संयुक्त डिग्री और दोहरी डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश के लिए भारतीय और विदेशी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग) विनियम, 2022 को अधिसूचित किया गया है।

(घ): गृह मंत्रालय का आव्रजन ब्यूरो भारतीयों के प्रस्थान और आगमन संबंधी आंकड़ों का रख रखाव करता है। लेकिन उच्चतर शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों का कोई इंडेक्स नहीं है। विदेश जाने के लिए भारतीयों का उद्देश्य या तो उनके मौखिक प्रकटीकरण या आव्रजन मंजूरी के समय उनके द्वारा प्रस्तुत गंतव्य देश के वीजा के प्रकार के आधार पर तय किया जाता है। वर्ष 2021 और 2022 के दौरान विदेश जाते समय अपनी यात्रा का उद्देश्य अध्ययन/शिक्षा बताने वाले भारतीयों की संख्या क्रमशः 4,44,553 और 7,50,365 है।

*****